देवघर वन प्रमंडल, देवघर के अंतर्गत लाख/लाह विकास योयना में वन उत्पादकता संस्थान द्वारा लाख की खेती पर तीन दिवसीय (१५ से १७ फरवरी,२०१६) प्रशिक्षण

वन उत्पादकता संसथान, रांची द्वारा देवघर वन प्रमंडल के अंतर्गत वन क्षेत्र भू संरक्षण खोरीपानी देवघर प्रादेशिक रेंज, पंचरुखी, एवं मधुपुर रेंज में लाख विकास योजना के तहत दिनांक १५.०२.१६ से १७.०२.१६ तक ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए देवघर वन प्रमंडल, देवघर के तत्वाधान में लाख की खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया|

प्रशिक्षण के दौरान वन उत्पादकता संस्थान, रांची के श्री एस. एन. बैद्य, अनुसंधान सहायक-II एवं श्री बी. डी.पंडित, अनुसंधान सहायक-II, ने देवघर वन मंडलाधिकारी एवं तीनो रेंज के बनों के क्षेत्र पदाधिकारी की उपस्थिति में लगभग ९१ ग्रामीणों को पलास पर लाख की खेती एवं उनके रख रखाव का विस्तृत प्रशिक्षण दिया| उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को पोषक बृक्षों की कटाई-छंटाई, लाख बीज लगाने की विधि, लाख कीट की पहचान, लाख शत्रु कीट की पहचान एवं शत्रु कीट नियंत्रण करने की विधि पर विस्तृत जानकारी दी गई । इस दौरान लाख खेती से सबंधित संपूर्ण कार्य का प्रदर्शन विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्वयं किसानों ने किया ।

देवघर वन प्रमंडलाधिकारी द्वारा सम्बोधन

लाख कीट स्थापन के बारे में संबोधन

खोरीपानी के ग्रामीणों को पोषक बृक्ष कांट - छांट की जानकारी देते विशेषज्ञ

देवघर वन प्रमंडलाधिकारी द्वारा पंचरुखी ग्रामीणों को संबोधन

श्री बी.डी.पंडित लाख पोषक बृक्ष को कांट-छांट की प्रक्रिया बताते हुए

मधुपुर ग्रामीणों के साथ लाख की खेती विषय पर वार्तालाप

श्री बी.डी.पंडित द्वारा मधुपुर में लाख कीट स्थापना एवं लाख के शत्रु कीट के बारे में जानकारी देते हुए